Cनews सिटी चीफ

# सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-299
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

सफलता तुम्हारा परिचय दुनिया से करवाती है और असफलता तुम्हें दुनिया का परिचय करवाती है।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, सोमवार 03 फरवरी 2025

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार



एआई कैमरों में 120 संदिग्धों की हुई पहचान, कुछ लोगों के भीड़ में घुसने पर मची भगदड़ एटीएस-एसटीएफ जुटी जांच में

## महाकुंभ भगदड़ में साजिश!



**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान से पहले मची भगदड़ में साजिश की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक यूपी एसटीएफ और महाकुंभ मेला की पुलिस इस घटना की साजिश के एंगल से जांच कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, घटना के समय मौजूद 2 लोगों ने बताया कि भगवा झंडा लेकर कुछ लोग अचानक भीड़ में घुस आए थे। जिनकी वजह से भगदड़ की शुरूआत हुई। इन दावों की पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। एसटीएफ को उस समय एक्टिव कुछ मोबाइल फोन लगातार बंद मिल रहे हैं। इससे भी साजिश की आशंका को बल मिल रहा है। एसटीएफ संगम नोज पर एक्टिव 16 हजार से ज्यादा मोबाइल फोन की चेकिंग कर रही है। इनमें 100 से ज्यादा नंबर 24 घंटे सर्विलांस पर हैं।

महाकुंभ में 28 जनवरी की देर रात करीब 1:30 बजे संगम नोज इलाके में भगदड़ हुई थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 30 लोगों की मौत हुई है और 60 लोग घायल हैं। एसटीएफ से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर लगे कैमरों की फुटेज की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। सूत्रों की मानें, तो 120 संदिग्ध चेहरों की एआई तकनीक से पहचान की गई है। हालांकि, अभी तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। यूपी एटीएस ने भी इस मामले में जांच शुरू कर दी है। उनकी एक टीम एसटीएफ के साथ काम कर रही है। जो वीडियो सामने आए हैं, उनकी भी फोरेंसिक एनालिसिस करवाई जा रही है।

**खालिस्तानी आतंकी ने जारी किया था धमकीभरा वीडियो** महाकुंभ शुरू होने से पहले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भरा वीडियो जारी किया था। उसने महाकुंभ मेले में पीलीभीत एनकाउंटर का बदला लेने का ऐलान किया था। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकियों के एनकाउंटर के बाद उसने धमकी दी थी। अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर महाकुंभ को लेकर धमकी देने का मामला सामने आया था। इसकी जांच भी पुलिस कर रही है। आईबी और लोकल इंटेलिजेंस ने भी अघोरी के रूप में महाकुंभ में आतंकियों के गड़बड़ी की रिपोर्ट दी थी। फिलहाल, जांच जारी है और एसटीएफ हर पहलू पर गौर कर रही है। जांच एजेंसियां अब भगदड़ में साजिश की संभावना पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। कल वसंत पंचमी का अमृत स्नान है, ऐसे में पुलिस और सुरक्षा एजेंसी हाई अलर्ट पर हैं।

## कल तक के लिए महाकुंभ में वाहनों को नो एंट्री, वीवीआईपी पास रद्द

अब तक 34.90 करोड़ से ज्यादा लोग लगा चुके हैं संगम में डुबकी

### रेलवे स्टेशनों पर आने-जाने के रास्ते वन-वे किए

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बसंत पंचमी स्नान को देखते हुए 2 से 4 फरवरी तक प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। 4 फरवरी तक श्रद्धालुओं को अपने वाहन शहर के बाहर पार्किंग में खड़े करने होंगे। पार्किंग से वे शटल बस से या पैदल घाटों तक पहुंच सकेंगे। बड़े और छोटे वाहनों की पार्किंग अलग कर दी गई है। इसके अलावा वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। महाकुंभ के 21वें दिन रविवार को रात 8 बजे तक 1.29 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 34.90 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। उधर, प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर वन-वे व्यवस्था लागू कर दी गई है। एक साइड से श्रद्धालु आएंगे तो दूसरी साइड से निकासी होगी।

## महाकुंभ 2025- बसंत पंचमी पर तीसरा अमृत स्नान

जयघोष करते नागा साधुओं ने गदा-तलवार के साथ निकाली शोभा यात्रा



बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान सोमवार (3 फरवरी) को शुरू हो गया है। नागा साधुओं ने पारंपरिक हथियारों, तलवार, गदा और शंख के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। संगम तट पर नागा साधुओं ने सबसे पहले डुबकी लगाई। इसके बाद महानिर्वाणी और निरंजनी अखाड़े ने स्नान किया। इस दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महाकुंभ का यह स्नान धार्मिक आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

**नागा साधुओं की परंपरागत झलक ने मोहा मन** महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान में नागा साधुओं का नजारा देखते ही बनता था। सिर पर भभूत, हाथों में त्रिशूल और तलवार, आंखों पर काला चश्मा, रथों और घोड़ों पर सवार संतों का यह भव्य रूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। पंचायती निरंजनी अखाड़े के साधुओं ने सबसे पहले स्नान किया। फिर जूना अखाड़ा और किन्नर अखाड़ा संगम तट पहुंचे। इनके स्नान के बाद अन्य 13 अखाड़े बारी-बारी से संगम में डुबकी लगा रहे हैं। श्रद्धालु साधुओं का आशीर्वाद लेने के लिए उमड़ पड़े, कई लोग उनके चरणों की रज तक माथे पर लगा रहे थे।

बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के बाद, पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के स्वामी भावेंद्र गिरि ने कहा कि मैं बसंत पंचमी के अवसर पर त्रिवेणी संगम से आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। त्रिवेणी संगम के लिए देव भी तरसते हैं कि कब हमें नर का रूप मिले। यह नारायण से नर की नारायण की यात्रा है। जब ब्रह्मा जी ने सृष्टि का सृजन किया तो यह सृष्टि नीरस थी। इसके बाद ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल के जल की पांच बूंदें निकाली जिससे मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ और उनकी वीणा के झंकार से यह पूरा सृष्टि झंकृत हो गया। यह बहुत पवित्र स्थान है क्योंकि यहां पवित्र संगम है तीन नदियों - गंगा, यमुना और सरस्वती से मैंने विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। बसंत पंचमी पर इस त्रिवेणी संगम पर स्नान कर हम सभी संत अभिभूत हैं। स्नान करने के बाद एक नागा साधु ने कहा कि आज बसंत पंचमी का अवसर था। आज के अमृत स्नान की व्यवस्था पिछले दो स्नानों से अच्छी थी। आज हमारे सबसे बड़े पर्व का स्नान था। हम संतों ने बेहदद अच्छे से स्नान किया। सदा दिवाली संत की, बारहों मास बसंत, जिनपर चढ़ा प्रभु का रंग, उनका रंग अनंत।स्नान करने के बाद एक साधु ने कहा कि आज का स्नान बहुत अच्छे से हुआ। देवता का स्नान भी बहुत बढ़िया है। जूना अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा, आह्वान अखाड़ा और बड़े बड़े दिगंबर महात्माओं ने आनंदपूर्वक शाही स्नान किया। बहुत सुविधापूर्वक स्नान हुआ। ओम नमो नारायण।

**विदेशी श्रद्धालु भी महादेव के भक्ति के रंग में रंगे** विदेश से आए श्रद्धालु ने कहा कि यहां आने के बाद यहां पर बेहद अच्छा लग रहा है। मैं यहां आकर बहुत उत्साहित और खुश हूं। हर-हर महादेव... श्रद्धालु ने हाथ में रखे एक बोतल को दिखाते हुए कहा कि मैंने अमृत स्नान कर लिया है लेकिन गंगाजल भरना भूल गया था। मेरे लिए आज का दिन बेहद खास है। बसंत पंचमी के अवसर पर तीसरे अमृत स्नान के लिए संगम की ओर बढ़ते हजारों साधु-संत अद्भुत नजारा पेश कर रहे थे। ड्रोन विजुअल में यह दृश्य बेहद मनोरम नजर आया। यहां देखें, तीसरे अमृत स्नानक का ड्रोन से लिया गया वीडियो।

जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि मैं अमृत स्नान के लिए जा रहा हूं।

## राजस्थान के बीकानेर में भूकंप से हिली धरती, झटके महसूस होते ही सहमे लोग



**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार दोपहर को बीकानेर क्षेत्र में रिक्टर स्केल पर 3.6 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10 किमी की गहराई पर स्थित था, जिसका निर्देशांक 27.76 ठ और देशांतर 73.72 ए था।हालांकि अभी तक किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन अचानक आए झटकों से लोग घबरा गए हैं। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। बीकानेर के अलावा नोखा और लूणकरणसर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण किसी की जान-माल की हानि नहीं हुई है।

दिल्ली चुनाव में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर कसा तंज

## नेहरू-इंदिरा के वक्त 12 लाख पर देना होता था 3 लाख टैक्स

### नेहरू के समय आप 12 लाख कमाते तो एक चौथाई सेलरी सरकार ले लेती

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के बाद रविवार को कांग्रेस पर टैक्स को लेकर हमला बोला। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी का हवाला देते हुए दावा किया कि उनकी सरकारों ने लोगों की कमाई पर भारी टैक्स लगाया, जबकि मोदी सरकार ने टैक्स का बोझ कम किया और मध्यम वर्ग को अधिक राहत प्रदान की।

दिल्ली चुनाव के लिए आरके पुरम में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अगर नेहरू जी के जमाने में आप 12 लाख रुपये कमाते तो 12 लाख रुपये की आय पर आपकी एक चौथाई सैलरी यानी तीन लाख रुपए सरकार वापस ले लेती। अगर आज इंदिरा जी का जमाना होता तो 12 लाख रुपये तक की आय पर आपके 10 लाख रुपये टैक्स में चले जाते। 10-12 साल पहले तक, कांग्रेस की सरकार में अगर आप 12 लाख रुपये कमाते तो आपको 2 लाख 60 हजार रुपया टैक्स देना होता। भाजपा सरकार के कल के बजट के बाद, साल में 12 लाख कमाने वाले को एक रुपया भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

**देश के विकास में मिडिल क्लास का बहुत बड़ा योगदान** पीएम मोदी ने कहा कि देश के विकास में हमारे मिडिल क्लास का बहुत बड़ा योगदान है। यह बीजेपी ही है, जो मिडिल क्लास को सम्मान देती है, ईमानदार टैक्सपेयर्स को पुरस्कार देती है। बजट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। कल जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है।

**नौकरशाहों को समझाने में समय लगा** उधर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टैक्स में कटौती के विचार के पूरी तरह से समर्थन में थे, लेकिन नौकरशाहों को समझाने में समय लगा। निर्मला सीतारमण ने कहा, ...पीएम बहुत स्पष्ट थे कि वह कुछ करना चाहते हैं। मंत्रालय को सहजता से काम करना है और फिर प्रस्ताव पर आगे बढ़ना है। इसलिए, जितना अधिक काम करने की आवश्यकता थी, बोर्ड को

## दिल्ली में आज से झमाझम बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने दी चेतावनी- पहाड़ों पर बर्फबारी छुड़ाएगी कंपकंपी



**नई दिल्ली।** फरवरी आते ही ठंड का असर थोड़ा कम देखने को मिल रहा है, लेकिन आज से पांच फरवरी तक झमाझम बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। उधर, पहाड़ों पर होने वाली बर्फबारी से एक बार फिर लोगों को कंपकंपी छूटेगी।

दिल्ली एनसीआर में सुबह के वक्त हल्की धुंध हो रही है तो वहीं दोपहर तक चटक धूप निकल रही है, जिससे ठंड का असर काफी हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली एनसीआर में अगले 3 दिल तक बादल छाए रहने की संभावना है, जिसके बाद ठंड बढ़ सकती है। उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भी ठंड का असर काफी कम देखने को मिल रहा है। एक ओर से सुबह-शाम थोड़ी ठंड का एहसास हो रहा है तो वहीं दोपहर में तेज गर्मी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण 3-5 फरवरी 2025 तक बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, लखनऊ, मेरठ, आगरा, सहारनपुर, गोरखपुर, जौनपुर, देवरिया, वाराणसी और हमीरपुर में कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्टी जारी किया गया है।

**बर्फ से ढंकेगा कश्मीर** कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के कारण लंबे समय से जारी शुष्क मौसम में परिवर्तन हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक घाटी में अगले 4 दिनों तक बारिश हो सकती है। वहीं बांदीपोरा, कुपवाड़ा, सोनमर्ग और बारामूला के कई इलाकों में सुबह बर्फबारी देखने को मिली। वहीं श्रीनगर के कुछ इलाकों में रुक-रुककर बारिश भी हुई।

**पहाड़ों पर जारी ठंड** उत्तराखंड-हिमाचल प्रदेश में ठंड का दौर जारी है। हिमाचल में 3-4 फरवरी 2025 को बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मनाली, कुल्लू और शिमला में बर्फबारी देखने को मिल सकती है। धर्मशाला में बर्फबारी के साथ ही बारिश भी देखने को मिल सकती है। इसके अलावा लाहौल-स्पीति और किन्नौर में भी मौसम खराब रहेगा। उत्तराखंड की बात करें तो यहां भी हिमाचल प्रदेश के साथ कई इलाकों में बारिश होने की संभावना है।

## कोलकाता के कॉलेज में छात्राओं को सरस्वती पूजा करने पर रेप की धमकी



कोलकाता। कोलकाता के एक कॉलेज में छात्राओं को सरस्वती पूजा करने से रोका गया और रेप करने की धमकी दी गई। रविवार को कॉलेज पहुंचे शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को भी विरोध का सामना करना पड़ा। उनसे बात करते हुए कई छात्राएं रो पड़ीं। मामला हाईकोर्ट तक भी पहुंच गया है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि उन्हें पूर्व छात्र साबिर अली के नेतृत्व वाले टीएमसीपी के सदस्यों द्वारा कॉलेज परिसर में पूजा आयोजित करने से रोका गया। उन्हें बलात्कार की धमकी भी दी गई। इसके बाद एक छात्रा ने कलकत्ता उच्च न्यायालय से गुहार लगाई और न्यायाधीश ने आदेश दिया कि विद्यार्थियों को त्योहार मनाने की अनुमति दी जानी चाहिए। विवाद के बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कोलकाता पुलिस से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कॉलेज के छात्र पर्याप्त सुरक्षा के साथ पूजा कार्यक्रम आयोजित कर सकें।

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती अन्जु पंचेश्वर
सरपंच
श्री मुनेश्वर गिरी
सचिव
श्री देवेन्द्र वघाड़े
रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत भतरी
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री सेवन काटेकर
सरपंच
श्री नुरेन्द्र बघेल
सचिव
श्री महेन्द्र कटरे
रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत बल्हारपुर
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री वासुंतराव ढवाले
सरपंच
श्री विष्णु कुकड़े
उपसरपंच
बसंत चौरे
सचिव
दीपा बिसेन
रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत बम्हनी
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री व्यंकटराव रहांगडाले
सरपंच
धनेन्द्र हिरकने
सचिव
देवराज बिसेन
रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत बांदरी
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री अरविंद पंचेश्वर
सरपंच
दिलीप कावरे
सचिव
वंदना भारद्वाज
रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत बेलगांव
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती कृष्णा मानेश्वर
सरपंच
भगतराम तुलसीकर
सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत छिंदलई
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री गोविन्द पटले
सरपंच
बलीराम पटले
सचिव
चन्द्रशेखर भगत
ग्राम रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत चिंजगांव
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त
जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
स्कूल चले हम...
खूब पढ़ें हम...
खूब बढ़ें हम...
श्री लक्ष्मी प्रसाद मानवटकर, प्राचार्य
निवेदक - समस्त शिक्षक व शिक्षिकायें
सीएम राइस शासकीय
उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक
विद्यालय लालबर्रा

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती ऋषिपंची भलावी
सरपंच
हुकुमचंद रहांगडाले
सचिव
देवेन्द्र बोपचे
ग्राम रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत ददिया
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
मनरेगा आई है खुशहाली लाई है
श्रीमती देवीलता मनोज ग्वालवंशी
अध्यक्ष
श्री किशोर पालीवाल
उपाध्यक्ष
सभापति, समस्त जनपद सदस्य तथा सभी कर्मचारीगण, जनपद पंचायत लालबर्रा
निवेदक - श्रीचन्दर सिंह मंडलोई सीईओ लालबर्रा

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती ललिता कैथास
सरपंच
राजकुमार करचाल
प्रभारी सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत धपेरा
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिकशुभकामनाएं...
डॉ रित्विक पटेल
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
निवेदक - अधिकारी व समस्त कर्मचारीगण लालबर्रा

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री रविन्द्र मानकर
सरपंच
श्री मुकेश कटरे
प्रभारी सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत गारापुरी
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री तिरथ सिंह बिसेन
सरपंच
श्री देवश देशमुख
प्रभारी सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत घोटी
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश


सभी
देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ।
श्री हेमन्त नायक, थाना प्रभारी
पुलिस थाना लालबर्रा
निवेदक - समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण लालबर्रा

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
कन्हैयालाल टेकाम,
तहसीलदार लालबर्रा
निवेदक - अधिकारी व समस्त कर्मचारीगण लालबर्रा

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री आनंद बिसेन
सरपंच
होमेश्वर ठाकरे
सचिव
सीताराम पंचेश्वर
रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत कर्जाई
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...

26
HAPPY
REPUBLIC DAY
श्रीमती ज्योति टेम्भरे
सरपंच
ओमप्रकाश पटले
सचिव
महेंद्र रहरवाल
रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत समरिया
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री बलराम गौतम
सरपंच
श्री जगराम राउत
सचिव
श्री महेश गायकवाड़
रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत मानपुर
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री संतोष पंचेश्वर
सरपंच
गुलाब सिंह टेकाम
सचिव
प्रवीण खैरवार
रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत नेवरगाव (लाल.)
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

गणतंत्र दिवस
की समस्त जिलेवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री रूपचंद मानेश्वर
सरपंच
गोविन्द राम हरदे
सचिव
जितेन्द्र कावरे
रोजगार सहायक
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत पिपरिया (छिंद.)
जनपद पंचायत लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश

## संपादकीय

# आसान नहीं आर्थिक चुनौतियों से पार पाना

**अर्थव्यवस्था को बल देने के लिए उठाने होंगे और भी कई कदम**

**बजट यह संकेत दे रहा है कि सरकार देश में जो आर्थिक सुस्ती दिख रही है, उसे दूर करने के लिए प्रयत्नशील है। वह इसमें सफल हो सकती है, क्योंकि आयकर में छूट देने के साथ उसने कुछ समय पहले आठवें वेतन आयोग के गठन की भी घोषणा की है, लेकिन इसमें संदेह है कि बजट उन चुनौतियों का समाधान करने में भी सक्षम होगा, जो विकसित भारत के लक्ष्य को पाने में आड़े आ रही हैं। बजट यह संकेत नहीं करता कि सरकार चीन की ओर से पेश की जा रही आर्थिक चुनौती का सामना करने को तत्पर है। यह तब है, जब चीन पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। भारत को चीन के विकल्प के रूप में विकसित करने की जो बातें होती थीं, उनके अनुरूप बजट में कोई घोषणा नहीं की गई।**

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्य वर्ग को आयकर में राहत देकर जिस तरह खुशी प्रदान की, उससे बजट की सराहना स्वाभाविक है। 2014 में मोदी सरकार के सत्ता की बागडोर संभालने के समय ढाई लाख रुपये की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता था। इस बार इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया। इस टैक्स छूट से मध्य वर्ग की जेब में अतिरिक्त पैसा होगा और इसके चलते खपत बढ़ेगी।

इससे अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, लेकिन कितना, यह आने वाला समय बताएगा, क्योंकि टैक्स छूट से जनता के पास करीब एक लाख करोड़ रुपये ही आएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि अगले सप्ताह जो नया आयकर विधेयक लाया जाएगा, वह मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट के मुकाबले कहीं अधिक सरल और स्पष्ट होगा। उम्मीद की जा रही है कि इससे इनकम टैक्स एक्ट आपराधिक छवि से मुक्त होगा। यदि ऐसा होता है तो इससे जनता का विश्वास बढ़ेगा और वह समय पर सही तरीके से टैक्स देने को प्रेरित होगी। बजट में सरकार अपनी नीतियों के जरिये भविष्य की रणनीति भी सामने रखती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं लगा कि सरकार बजट के माध्यम से किसी बड़े बुनियादी बदलाव की ओर बढ़ रही है। यह जरूर है कि सरकार पूंजीगत खर्च बढ़ाने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ गरीबी उन्मूलन की योजनाओं पर व्यय बढ़ा रही है। यह बढ़ा हुआ खर्च सही तरह तभी इस्तेमाल हो सकेगा, जब राज्य सरकारें केंद्र की सलाह पर काम करेंगी।कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम आदि क्षेत्र में केंद्र की नीतियों पर सही ढंग से अमल राज्यों के सक्रिय सहयोग से ही हो पाता है। इस मामले में डबल इंजन सरकारें अर्थात भाजपा शासित राज्य सरकारों को तो लाभ मिलता है, लेकिन कई बार गैर भाजपा शासित राज्यों में केंद्र की नीतियों को लागू करने में अड़चन आती है। कभी-कभी ये राज्य सरकारें केंद्र का सहयोग भी नहीं करतीं। वे केंद्र से मिले पैसे का उपयोग अपने हिसाब से करने पर जोर देती हैं और यदि केंद्र आपत्ति जताता है तो राज्य केंद्र पर अनावश्यक हस्तक्षेप का आरोप मढ़ते हैं और यह एक राजनीतिक मुद्दा बन जाता है।

बजट से पहले आए आर्थिक सर्वे की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। इस सर्वे ने कहा था कि लोगों के स्वास्थ्य पर अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है। यह ठीक है कि मेडिकल पेशेवरों की कमी दूर करने के लिए सरकार ने दस हजार मेडिकल सीटें बढ़ाने की घोषणा की है, लेकिन केवल इतना ही पर्याप्त नहीं। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बढ़ानी होगी और ऐसे भी उपाय करने होंगे कि लोग सही पोषण लें और अपनी सेहत के प्रति सतर्क रहें, जैसा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने कहा था।

आर्थिक सर्वे में यह भी कहा गया था कि उद्योगों को महंगी बिजली मिल रही है। यह ध्यान रहे कि गरीब तबके को मुफ्त या सस्ती बिजली देने के कारण भी उद्योगों को दी जाने वाली बिजली महंगी हो रही है। अधिकांश राज्यों के बिजली बोर्ड घाटे में चल रहे हैं। बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए कर्ज की सीमा बढ़ाई गई है, लेकिन इस सेक्टर को जिस श्रम सुधार की जरूरत है, उस पर कुछ नहीं कहा गया, जबकि आर्थिक सर्वे ने यह रेखांकित किया था कि भारत का श्रम बाजार मौजूदा आर्थिक चुनौतियों से पार पाने में सक्षम नहीं।

बजट में कौशल विकास पर जोर अवश्य दिया गया है, लेकिन क्या हम इसकी अनदेखी कर सकते हैं कि इस मामले में अभी तक के प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं? बेहतर होता कि सरकार ऐसी किसी रणनीति के साथ सामने आती कि कुशल श्रमिकों की कमी सचमुच दूर होती। सरकार को चाहिए था कि बजट के माध्यम से प्राइवेट सेक्टर को कौशल विकास की योजनाओं में निवेश के लिए प्रोत्साहित करती।

# खान और खनिज अधिनियम में संशोधन से खनन क्षेत्र में आई नई क्रांति



हमारे पूर्वज इस बात को भलीभांति समझते थे कि खदानें राजकोष का एक प्रमुख स्रोत हैं। खदानें देश के आर्थिक विकास, उद्योगों को बढ़ावा देने, रोजगार निर्माण, देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और वैज्ञानिक एवं तकनीकी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसे देखते हुए महत्वपूर्ण खनिजों के लिए सुधारों की एक श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इसी कड़ी में 2015 में, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम में व्यापक संशोधन किए गए जिसने खनन क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी और एक पारदर्शी नीलामी व्यवस्था की शुरूआत हुई। इसके कारण 442 ब्लाकों की नीलामी पारदर्शिता से की गई और राज्यों को नीलामी प्रीमियम और रायल्टी के रूप में लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ। कई हजार साल से भी पहले राजस्थान के जावर में जिंक के खनन से लेकर कोहिनूर की खोज तक भारत ने लंबे समय से खदानों और खनिजों के सामरिक महत्व को समझा है। हमारे पूर्वज इस बात को भलीभांति समझते थे कि खदानें राजकोष का एक प्रमुख स्रोत हैं। खदानें देश के आर्थिक विकास, उद्योगों को बढ़ावा देने, रोजगार निर्माण, देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और वैज्ञानिक एवं तकनीकी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसे देखते हुए महत्वपूर्ण खनिजों के लिए सुधारों की एक श्रृंखला प्रारंभ की गई है। इसी कड़ी में 2015 में, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम में व्यापक संशोधन किए गए जिसने खनन क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी और एक पारदर्शी नीलामी व्यवस्था की शुरूआत हुई। इसके कारण 442 ब्लाकों की नीलामी पारदर्शिता से की गई और राज्यों को नीलामी प्रीमियम और रायल्टी के रूप में लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ। राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट की स्थापना के बाद 6,000 करोड़ रुपये का उपयोग अन्वेषण गतिविधियों में हुआ है। इसके अलावा, खनिज संपन्न जिलों में जिला खनिज निधि को एक लाख करोड़ रुपये मिले, जिनका उपयोग स्थानीय विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी जनकल्याणकारी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। आज महत्वपूर्ण खनिज नए युग की तकनीक से प्रेरित समाज की जीवनरेखा बन गए हैं। जब देश स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत तकनीकों की ओर बढ़ रहा है, तो महत्वपूर्ण खनिजों को न्यू आयल के रूप में देखा जा रहा है। लीथियम, कोबाल्ट और निकल जैसे खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों और सेमीकंडक्टर के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी तरह, फास्फेट, पोटाश और ग्लौकोनाइट कृषि उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण हैं, जबकि टाइटेनियम और बेरिलियम एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में आवश्यक हैं। इसलिए भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की आवश्यकता है। भविष्य की इन मांगों के प्रति व्यापक दूरदृष्टि रखते हुए 16,300 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन (राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन) की शुरूआत का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

घरेलू उत्पादन में तेजी लाने, विदेश से महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने और प्रौद्योगिकी विकास आदि पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस मिशन को आरंभ करने की घोषणा वित्त वर्ष 2024-2025 के आम बजट में की गई थी। इससे अब महत्वपूर्ण खनिजों की दीर्घकालिक सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने और भारत की महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह मिशन भारत को उन चुनिंदा देशों में शामिल करेगा, जो भावी पीढ़ी की मांगों को पूरा करने के लिए अपनी अर्थव्यवस्थाओं को रणनीतिक रूप से नया आकार दे रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में तेज गति प्रदान करेगा और आत्मनिर्भर भारत के लिए एक रणनीतिक आधार तैयार करेगा। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुमानों के अनुसार, इन खनिजों की वैश्विक मांग 2030 तक तीन गुनी और 2040 तक चार गुनी हो जाएगी।

वर्तमान में हमारे अधिकांश महत्वपूर्ण खनिज पूरी तरह से आयातित हैं। सरकार ने इस मिशन के जरिये इस दिशा में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ वैश्विक बाजार में निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। इस मिशन का लक्ष्य घरेलू स्तर पर 1,200 खनिज-समृद्ध स्थलों की खोज करना है। साथ ही बौद्धिक संपदा उत्पन्न करना भी है, जिसका लक्ष्य महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला में 1,000 पेटेंट प्राप्त करना है। यह मिशन 100 घरेलू अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का भी समर्थन करेगा और खनन एवं प्रसंस्करण से लेकर पुनर्चक्रण तक महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले 10,000 कुशल पेशेवरों का निर्माण करेगा। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत खनिज प्रसंस्करण पार्कों, उत्कृष्टता केंद्रों और लक्षित कौशल विकास कार्यक्रमों की स्थापना यह सुनिश्चित करेगी कि भारत महत्वपूर्ण खनिज नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र बने।

वर्ष 2030 तक भारत का लक्ष्य अपनी बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त करना और कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन कम करना है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लीथियम-आयन बैट्री जैसी तकनीकों के घरेलू विनिर्माण की आवश्यकता है, जिसके लिए लीथियम, निकल और कोबाल्ट की पर्याप्त मात्रा की आवश्यकता होगी। मिशन इस अंतर को पाटने और यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है कि भारत वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा क्रांति का नेतृत्व करे न कि उसका अनुसरण रहे। कुल मिलाकर भारत का यह राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन केवल आज की चुनौतियों का जवाब नहीं है, बल्कि यह भारत के भविष्य को आकार देने की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। साथ ही यह भारत को स्वच्छ ऊर्जा के लिए वैश्विक परिवर्तन का नेतृत्व करने, हमारी विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए है। यह मिशन हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने, आर्थिक विकास सुनिश्चित करने और हमारी ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक समग्र प्रयास है।

# जस्टिन ट्रूडोः भारत विरोधी रुख और वैश्विक फजीहत

कनाडा के कार्यवाहक प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का भारत को लेकर दिया गया रवैया बीते कुछ वर्षों से विवादों में रहा है। उनकी नीतियाँ और बयानों ने न केवल भारत-कनाडा संबंधों को ठेस पहुँचाई है, बल्कि उनकी अपनी सरकार की वैश्विक स्तर पर किरकिरी भी हुई है। खालिस्तानी तत्वों को समर्थन, कूटनीतिक विवाद और भारत के आंतरिक मामलों में अनावश्यक दखल के कारण ट्रूडो लगातार आलोचना के केंद्र में हैं। वर्तमान में, उनकी सरकार की भारत विरोधी हरकतों पर जो वैश्विक स्तर पर फजीहत हो रही है, उसे समझने के लिए घटनाओं को सिलसिलेवार देखना जरूरी है।

1. 2018 पहला विवादित दौरा और खालिस्तानी जुड़ाव - 2018 में जस्टिन ट्रूडो अपने पूरे परिवार के साथ भारत दौरे पर आए, लेकिन यह यात्रा राजनयिक असफलता में बदल गई। भारतीय सरकार ने इस यात्रा को अपेक्षित महत्व नहीं दिया, क्योंकि कनाडा में खालिस्तानी तत्वों को मिल रहे ट्रूडो सरकार के समर्थन को लेकर पहले ही संदेह बना हुआ था। स्थिति तब और बिगड़ गई जब यह सामने आया कि उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल में एक खालिस्तानी आतंकी जसपाल अटवाल शामिल था, जिसे पूर्व में भारत में आतंकी गतिविधियों के लिए दोषी ठहराया जा चुका था। इस प्रकरण से कनाडा सरकार की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हुई, और भारत-कनाडा संबंधों में तल्खी आ गई।

2. 2020-21- किसान आंदोलन पर ट्रूडो का दखल- भारत में नए कृषि कानूनों के खिलाफ जब किसान आंदोलन शुरू हुआ, तब जस्टिन ट्रूडो ने खुले तौर पर किसानों के समर्थन में बयान दिया। उन्होंने कहा कि कनाडा हमेशा शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के अधिकार के पक्ष में खड़ा रहेगा। यह बयान सीधे तौर पर भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी के रूप में देखा गया। भारतीय सरकार ने इसे अनुचित और अनावश्यक हस्तक्षेप करार दिया। ट्रूडो की इस टिप्पणी से दोनों देशों के संबंध और बिगड़ गए।

3. 2023 निज्जर हत्याकांड पर भारत पर आरोप - सितंबर 2023 में जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंसियों पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संलिप्तता का आरोप लगाया। कनाडा सरकार ने बिना किसी ठोस सबूत के यह दावा किया कि भारत सरकार इस हत्या में शामिल हो सकती है। भारत ने इन आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित बताया। इस विवाद के बाद, भारत ने कनाडा में अपने राजनयिक स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और कुछ कनाडाई राजनयिकों को भारत छोड़ने के लिए कहा।यह घटनाक्रम ट्रूडो सरकार के लिए एक बड़ी कूटनीतिक असफलता साबित हुआ। न केवल भारत ने उनके आरोपों को सिरे से नकारा, बल्कि कनाडा के अन्य सहयोगी देशों ने भी इस मुद्दे पर ट्रूडो का खुलकर समर्थन नहीं किया। अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों ने संतुलित रुख अपनाते हुए केवल पारदर्शी जांच की बात कही, लेकिन कनाडा के पक्ष में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

4. 2024 लगातार बिगड़ती छवि और वैश्विक आलोचना-निज्जर प्रकरण के बाद ट्रूडो की भारत विरोधी नीति को लेकर कनाडा के भीतर भी सवाल उठने लगे। कई रिपोर्ट्स में सामने आया कि कनाडा में खालिस्तानी संगठनों की गतिविधियाँ बढ़ रही हैं, और उनकी सरकार इसे रोकने में नाकाम रही है। इस बीच, कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमले और भारतीय समुदाय को धमकियों के मामलों ने ट्रूडो सरकार की नीयत पर और सवाल खड़े कर दिए।






2024 में, जब भारत में लोकसभा चुनावों की तैयारी चल रही थी, तब फिर से कनाडा में खालिस्तानी पोस्टर सामने आए, जिनमें भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़काने की धमकी दी गई। कनाडा सरकार ने इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे भारत सरकार का आक्रोश और बढ़ गया। इस मुद्दे पर ट्रूडो सरकार की वैश्विक आलोचना भी हुई, क्योंकि वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर चरमपंथ को नजरअंदाज कर रहे थे।

5. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ट्रूडो की फजीहत क्यों हो रही है- अमेरिका और ब्रिटेन सहित निज्जर प्रकरण में कोई भी बड़ा पश्चिमी देश कनाडा के पक्ष में खुलकर नहीं आया, जिससे ट्रूडो की अंतरराष्ट्रीय साख पर सवाल उठे।खालिस्तानी गतिविधियों को नजरअंदाज करना और कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमले, खालिस्तानी पोस्टर और भारतीय राजनयिकों को धमकी देने वाले संगठनों पर ठोस कार्रवाई न करने से उनकी छवि कमजोर हुई है ।ट्रूडो की भारत विरोधी बयानबाजी ने उन्हें एक अपरिपक्व राजनेता के रूप में स्थापित कर दिया है, जो अपने घरेलू राजनीतिक समीकरणों के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों को दांव पर लगाने के लिए तैयार हैं। इसका कनाडा पर भी आर्थिक असर पड़ रहा है, भारत जैसे विशाल बाजार से कनाडा के व्यापारिक संबंध भी प्रभावित हुए हैं। भारत ने कनाडा के साथ व्यापार वार्ता अस्थायी रूप से रोक दी, जिससे आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

जस्टिन ट्रूडो की भारत-विरोधी नीतियाँ अब उनके लिए राजनीतिक और कूटनीतिक आत्मघाती साबित हो रही हैं। खालिस्तानी आतंकवादियों को शह देना और भारतीय समुदाय को सुरक्षा न देने के कारण कनाडा में ट्रूडो सरकार की आलोचना बढ़ रही है। भारत के आंतरिक मामलों में दखल देना और हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले में बेबुनियाद आरोप लगाना , इन सभी कारणों से ट्रूडो की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी फजीहत हो रही है।अब, अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद, यह संकट और भी गहरा सकता है। ट्रंप की भारत-समर्थक नीति और जस्टिन ट्रूडो के साथ उनके पुराने मतभेद यह संकेत देते हैं कि आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी, जबकि कनाडा अलग-थलग पड़ सकता है।

ट्रंप और एलोन मस्क जैसे प्रभावशाली अमेरिकी नेताओं के बयानों ने भी ट्रूडो की छवि को और धक्का दिया है, जिससे स्पष्ट हो गया है कि ट्रूडो सरकार अब न सिर्फ भारत बल्कि अमेरिका में भी अलग-थलग पड़ती जा रही है। अब, ट्रंप प्रशासन के नए कार्यकाल में यह स्पष्ट है कि अमेरिका भारत के साथ खड़ा रहेगा और कनाडा पर अपने चरमपंथी तत्वों पर नियंत्रण करने का दबाव बनाएगा।डोनाल्ड ट्रंप अब जब अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले चुके हैं। उनके राष्ट्रपति बनने के बाद, ट्रूडो सरकार को अमेरिका की कड़ी विदेश नीति का सामना करना पड़ रहा है।ट्रंप ने कनाडा पर 10% टैक्स लगाकर उसे हिलाकर रख दिया है।

ट्रंप और ट्रूडो की पुरानी तनातनी है और इनके संबंध कभी मधुर नहीं रहे।2018 के %7 सम्मेलन में ट्रूडो ने ट्रंप की नीतियों की आलोचना की थी, जिस पर ट्रंप ने उन्हें कमजोर और बेईमान कहा था।ट्रंप ने तब कनाडा को अमेरिका की पीठ में छुरा घोंपने वाला देश तक कह दिया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि कनाडा का नेतृत्व बेहद कमजोर है और ट्रूडो एक असफल प्रधानमंत्री हैं। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में यह लगभग तय है कि अमेरिका भारत के पक्ष में और ट्रूडो के खिलाफ जाएगा। इधर एलोन मस्क, जो दुनिया के सबसे प्रभावशाली बिजनेस लीडर्स में से एक हैं, उन्होंने भी जस्टिन ट्रूडो पर तीखा हमला किया है।2023 में मस्क ने ट्रूडो की तुलना हिटलर से करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र का नाटक कर रहे हैं, लेकिन हकीकत में वे तानाशाह हैं।मस्क ने यह भी कहा कि कनाडा की सरकार स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगा रही है, और यह लंबे समय तक नहीं चलेगा। दरअसल मस्क की भारत में बढ़ती दिलचस्पी भारत में निवेश बढ़ाने पर है। मस्क ने कहा कि भारत दुनिया का अगला टेक और इनोवेशन हब बनने जा रहा है।

जस्टिन ट्रूडो अब न केवल भारत, बल्कि अमेरिका और कनाडा के भीतर भी बड़े विरोध का सामना कर रहे हैं। उनकी आर्थिक नीतियों और भारत विरोधी रवैये के कारण अब कनाडा में ही उनकी नीतियों का विरोध बढ़ रहा है । अमेरिका में भी उनकी छवि कमजोर और नासमझ नेता की बन चुकी है। जस्टिन ट्रूडो की भारत विरोधी नीति अब उनके लिए ही राजनीतिक और कूटनीतिक सिरदर्द बनती जा रही है। खालिस्तानी तत्वों को नजरअंदाज करना, भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना और बिना सबूत आरोप लगाना किसी भी जिम्मेदार वैश्विक नेता के लिए आत्मघाती रणनीति है। भारत ने अपनी कूटनीतिक मजबूती दिखाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि वह आतंकवाद और चरमपंथ पर कोई समझौता नहीं करेगा।

आज स्थिति यह है कि जस्टिन ट्रूडो खुद ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। कनाडा के भीतर भी उनकी सरकार की नीतियों की आलोचना हो रही है, और उनके अगले चुनाव जीतने पर भी संदेह बढ़ रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि जस्टिन ट्रूडो की भारत विरोधी राजनीति उनके लिए ही सबसे बड़ी फजीहत बन चुकी है। डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने और एलोन मस्क की खुली आलोचना से साफ है कि जस्टिन ट्रूडो अब न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी कमजोर पड़ते जा रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देश अब भारत के साथ अधिक मजबूती से खड़े हैं, जिससे ट्रूडो का अंतरराष्ट्रीय कद गिरता जा रहा है।ट्रंप प्रशासन भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा, जिससे कनाडा पर अपने भारत-विरोधी रुख में बदलाव का दबाव बढ़ सकता है। अंततः, ट्रूडो की भारत विरोधी राजनीति अब उन्हीं पर भारी पड़ रही है, और भविष्य में यह उनके पतन का मुख्य कारण भी बन सकती है।

( राजीव खरे ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ़ )

# पुलिस ने प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बेचने वाले दो विक्रेता/अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

## कब्जे/निशानदेही पर प्रतिबन्धित मांझे की 350 चरखी/गिट्टू हुआ बरामद

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ ( उ प्र )** सहारनपुर, सहारनपुर जनपद की थाना मंडी पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापा मारकर 148 किलो चीन का मांझा जब्त किया है। दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। यह दोनों हरियाणा के यमुनानगर से चीन का मांझा लेकर आते थे और उसकी सप्लाई सहारनपुर में करते थे। पुलिस लाइन में एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि 31 जनवरी को थाना मंडी पुलिस ने खाताखेड़ी जाने वाले रास्ते पर दो दुकानों में छापा मारा। पुलिस को गौरव कपूर निवासी पटेल नगर की दुकान से चीन के मांझे की चार चरखी मिली। उसके बाद



पुलिस लोहानी सराय पहुंची। यहां से रिहान की दुकान पर छापा मारकर छह गत्ते की पेट्टियों में करीब 350 मांझे की चरखी मिली है उसका साथी कैफ भागने में कामयाब रहा। पूछताछ में आरोपी गौरव कपूर ने बताया कि वह चीन का मांझा रिहान की दुकान से खरीदता है। रिहान ने पूछताछ में बताया कि वह कैफ के साथ मिलकर चीनी मांझे का कारोबार कर रहा था।

# समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर समयबद्धता से करें निस्तारण - जिलाधिकारी मनीष बंसल

## प्राप्त शिकायतों का टीम बनाकर सत्यापन कर निस्तारण करना करें सुनिश्चित - डीएम

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ ( उ प्र )** सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में तहसील नकुड़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम मनीष बंसल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निदान करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों व समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 20, आपूर्ति विभाग 09, समाज कल्याण विभाग की 02, पुलिस विभाग की 01, विकास विभाग की 02, नलकूप विभाग 02 विद्युत विभाग की 03, लोक निर्माण विभाग की 01 एवं जल निगम की 02 सहित कुल 42 शिकायतें प्राप्त



हुई जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समस्याओं का समयबद्धता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने आए हुए लोगों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टी भी मिलनी चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने कहा कि पुलिस अधिकारी आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें।इस अवसर पर डीएफओ शुभम सिंह, उपजिलाधिकारी संगीता राघव, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नेशन बिल्डर्स वसंतोत्सव ने समा बांधा पतंग तक नहीं रुकें उमंग तक उड़ें - पद्मश्री भारत भूषण

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ ( उ प्र )** सहारनपुर, रंगारंग वसंतोत्सव और विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती देवालय के सम्मुख वैदिक यज्ञ और आवाहन मंत्रों से वंदन द्वारा वसंत पंचमी पर्व का शुभारंभ करते हुए मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योगाश्रम द्वारा आश्रम साधकों और नेशन बिल्डर्स अकादमी प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रम के साथ वसंतोत्सव मनाया गया। नृत्यमयी सरस्वती वंदना से आरंभ हुए इस कार्यक्रम में वृक्षों के अंधाधुंध कटाव के विरुद्ध जनजागृति लाने के लिए मर्मस्पर्शी नृत्यनाटिका के साथ ही वसंत पंचमी पर देशधर्म के लिए बलिदान हुए वीर हकीकतराय को याद करते हुए नृत्यनाटिका %आरंभ है प्रचंड% और मोबाइल फोन्स के प्राणघातक दुरुपयोग पर कटाक्ष करते हुए प्रस्तुत स्किट ने देर तक तालियां बटोरीं! नन्ही छात्रा परी और आस्था ने सरस्वती वंदना %हे हंस वाहिनी% प्रस्तुत की तो यंग नेशन बिल्डर्स की मनोहारी सामूहिक योग प्रस्तुति ने सभी को रोमांचित किया। वसंत पंचमी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण



ने कहा कि वसंत ऋतु तन मन में ऊर्जा, प्रकृति में सृजन और सोच में प्रखरता का पर्व है, लेकिन यह हमारी सोच पर निर्भर करता है कि हम इस ऊर्जा का कैसे इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि हम पतंग तक नहीं रुकें बल्कि उमंग तक उड़ें। गुरुदेव ने पर्वों को कुरीतियों से बचाने के प्रति बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को आगाह किया। वसंतोत्सव के मुख्य यजमान गुलशन निझारा, निशांत शर्मा दंपति और सुभाष वर्मा दंपति रहे। जबकि मुरादाबाद शाखा प्रमुख अमित गर्ग, रामपुर शाखा प्रमुख नवनीशकांत शर्मा के अलावा विशाल गुलाटी, सोनल चौहान, नंदकिशोर शर्मा, इं अमरनाथ, डा अशोक गुप्ता, मंजू गुप्ता, ललित वर्मा, रमन शर्मा और अनवरत कच्छल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धन्वंतरि दर्शन और सरस्वती आराधन का आनंद लिया। यज्ञाचार्य के रूप में अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव ने इस अवसर पर संपन्न हुए विराट यज्ञ का संचालन किया।

# अनूपपुर के कोतमा में पुलिस ने चलाया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

## साइबर अपराध एवं उसके सुरक्षा के संबंध में दी जानकारी

**सुशिल सोनी । सिटी चीफ** कोतमा, पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत बस स्टैंड कोतमा मे यात्रियो/नगरवासियो को वर्तमान में बढते साइबर अपराध एवं उसके सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए नगरवासियों को बताया गया कि कोई भी किसी अंजान व्यक्ति को ओटीपी, आधार नंबर,खाता नंबर और अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दे तथा यदि कोई लिंक के.वाय.सी.अपडेट कराने आपके मोबाइल में आता है तो उसे भी शेयर ना करें और यदि कभी आपके साथ में कोई साइबर फ्रॉड हो गया है आपका पैसा निकल गया है तो आप तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर में या www.cybercrime.gov.in में शिकायत दर्ज करा




सकते हैं, इसके अलावा अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन कर क्राइम ब्रांच के अधिकारी या फिर पुलिस अधिकारी बताकर किसी बच्चे या बच्ची को गिरफ्तार करने के संबंध में फोन आता है और पैसे की मांग करता है तो भी पैसा किसी को भी नहीं देना , और यदि कोई मैसेज अकाउंट में पैसे आने का आता है तो सबसे पहले अकाउंट चेक करे, कभी भी अज्ञात व्यक्ति, अज्ञात मोबाइल नंबर से अज्ञात फेसबुक या इंस्टाग्राम आईडी के साथ बातचीत या चैटिंग नहीं करना चाहिए, ईनाम,लाटरी फंसने जैसे मैसेज, फोन आने पर उनके झांसे में न आये, और यदि कोई भी सायबर फाड,सायबर ब्लेक मेलिंग , फेसबुक, इंस्टाग्राम आईडी हैक होने पर नजदीकी बैंक, पुलिस थाना में अपनी शिकायत दर्ज कराये।

# अमरकण्टक नर्मदा महोत्सव का आज होगा शुभारंभ, तैयारियां पूर्ण

## तीन दिवसीय महोत्सव मे धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन, सांस्कृतिक और एडवेंचर खेलों का होगा समागम

**सुशिल सोनी । सिटी चीफ** अनूपपुर, मध्यप्रदेश की जीवन रेखा, संस्कृति सलिला मां नर्मदा जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा महोत्सव - 2025 का शुभारम्भ 3 फरवरी 2025 को अमरकंटक में होगा, जिसकी तैयारी कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गई है। अंतरराष्टीय पहचान स्थापित करने वाली मां नर्मदा की उद्गम स्थली अनूपपुर जिले की धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक में तीन, चार एवं पांच फरवरी को तीन दिवसीय धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन और एडवेंचर खेलों का समागम अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 में देखने को मिलेगा इस महोत्सव को और अधिक रोमांचक बनाने हेतु पहली बार रोमांचक गतिविधि के साथ ही टेंट सिटी, और लेजर लाइट शो आयोजन को भव्यता प्रदान करेगा।

**3 फरवरी से प्रारंभ होगा तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम** नर्मदा जयंती 4 फरवरी के 1 दिन पूर्व से आरंभ होने वाले इस भव्य एवं दिव्य आयोजन में धर्म, संस्कृति, आस्था और पारंपरिक कला, भक्ति, धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ भव्यता एवं विविधता प्रदान करने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित होगी। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा



महोत्सव-2025 की जानकारी देते हुए बताया है कि नर्मदा जयंती के एक दिन पूर्व यानी 3 फरवरी 2025 से आरंभ होने वाले तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा महोत्सव-2025 के पहले दिन 3 फरवरी को प्रात: 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास अमरकंटक स्थित मैकल पार्क पर आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 10 से दोपहर 1:00 बजे तक मां नर्मदा शोभा यात्रा मां नर्मदा मंदिर प्रांगण से दीनदयाल चौक तक आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात अखंड कीर्तन मां नर्मदा मंदिर परिसर में अपरान्ह 1 बजे से प्रारंभ होगा। अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 का उद्घाटन कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से रामघाट अमरकंटक में आयोजित होगा। शांय 6:30 से रामघाट में महा आरती एवं लेजर लाइट शो आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 8:00 बजे से रामघाट परिसर में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी।

**नर्मदा जयंती 4 फरवरी को हंसराज रघुवंशी देंगे विशेष प्रस्तुति** कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने बताया है कि 4 फरवरी 2025 मंगलवार को प्रात: 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास मैकल पार्क में, पूजन एवं हवन प्रात: 10:00 बजे से मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में कन्या भोज एवं महाप्रसाद दोपहर 12:00 से मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में महाआरती एवं लेजर लाइट शो शाम 6:30 बजे से रामघाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रामघाट परिसर में तथा विशेष प्रस्तुति के रूप में भक्ति गीतों के प्रख्यात गायक बाबा हंसराज रघुवंशी द्वारा शाम 8:00 से सर्किट हाउस अमरकंटक के पीछे स्थित मेला ग्राउंड में दी जाएगी

**5 फरवरी को सांस्कृतिक संध्या, सम्मान समारोह के साथ होगा समापन** अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 के तहत तीन दिवसीय आयोजन का समापन 5 फरवरी बुधवार को आयोजित होगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने बताया है कि महोत्सव के तीसरे दिवस प्रात: 7:00 बजे से 8:00 तक योगाभ्यास कार्यक्रम मैकल पार्क में दोपहर 2 से शाम 6:00 बजे तक रामघाट में सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6:30 से महाआरती एंव लेजर लाइट शो रामघाट परिसर में तथा स्थानीय लोक कला मंच सांस्कृतिक संध्या एवं सम्मान समारोह शांय 8:00 बजे से रामघाट में आयोजित होगा इसके साथ ही कार्यक्रम का समापन होगा।

**कलेक्टर ने सभी से सहभागिता की कि अपील** कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने पर्यटक, श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधि, नागरिक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नर्मदा महोत्सव के दौरान धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन एवं सांस्कृतिक के अनोखे से समागम मे अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

# संरचनाएँ गुणवत्ता और विशिष्टता का बने प्रतीक

## संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ** शहडोल, लोक निर्माण विभाग की संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शहडोल नगर के सूर्या इंटरनेशनल होटल में किया गया। कार्यशाला में नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई तथा अभियंताओं को आधुनिक निर्माण तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्थायित्व और पर्यावरण-अनुकूलता को बढ़ाया जा सके।

आयोजित कार्यशाला को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की आज के युग में, जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है।

**इतिहास हुआ ताज़ा...** मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का मार्ग इंजीनियर्स के माध्यम से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की नींव तभी रखी गई थी जब देश में इस विभाग का गठन हुआ और तब से लेकर आज तक, यह विभाग लगातार समाज के विकास में योगदान दे रहा है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स द्वारा निर्मित संरचनाएँ केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और आध्यात्मिक केंद्रों तक पहुँच इन्हीं संरचनाओं के माध्यम से होती है, जो लोक कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का गठन लोक कल्याण के लिए हुआ है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इंजीनियर्स को अपने कर्तव्यों को समझते हुए कार्य करना चाहिए।

**संरचना बने आदर्श...** उन्होंने विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित मध्यप्रदेश इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लोक कल्याण की संरचनाओं को आदर्श रूप में स्थापित करना और समाज में इंजीनियर्स की विशिष्ट भूमिका को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर्स को इस जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करना चाहिए ताकि उनके द्वारा किए गए कार्यों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाए।

**आधुनिक तकनीकी ज्ञान...**कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स को सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि उनके द्वारा निर्मित संरचनाएँ गुणवत्ता और विशिष्टता का प्रतीक बनें। उन्होंने ने कहा कि यह कार्यशाला इंजीनियर्स की क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लोक निर्माण से लोक कल्याण की यात्रा को मजबूती प्रदान करेगी।प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी मुख्य अभियंताओं द्वारा उपस्थित अभियंताओं को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# सीआईएसएफ राजबहादुर सिंह हुए सेवानिवृत्त

## विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ** शहडोल, जिले के जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बसोहरा निवासी राजबहादुर सिंह पिता कमलभान सिंह ने हाल ही में 31 जनवरी 2025 को 58 वर्ष की उम्र में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की घोषणा की। सेवाकाल की बात की जाए तो वे 10 अप्रैल 1990 से 31 जनवरी 2025 तक लगभग 34 वर्षों से अधिक उन्होंने सीआईएसएफ में अपने समर्पण कड़ी मेहनत एवं कर्तव्य निष्ठा से कार्य किया एवं सीआईएसएफ की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया । सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर सीआईएसएफ यूनिट एसईसीएल बिलासपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उपमहानिरीक्षक, सीनियर कमांडेंट भास्कर कुमार एवं यूनिट के सभी अधिकारियों सहित बल सदस्यों की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं विदाई दी गयी।




विदाई समारोह के दौरान जब उनसे समय से पहले सेवानिवृत्ति का कारण पूछा गया तब उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि मुझे देश सेवा का कर्तव्य पूरा करते हुए अब एक पुत्र और पति के कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा क्योंकि मेरे पिता जी और पत्नी दोनों की ही तबीयत खराब रहती है। इसलिए अब यह लगा कि बाकी का समय अपने परिवार के साथ गुजारना बेहतर होगा, इसलिए मैंने ऐच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। इस दौरान मुख्य रूप से उपमहानिरीक्षक, सीनियर कमांडेंट, यूनिट के सभी अधिकारी, बल सदस्यों सहित उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# शहडोल भाजपा नेता इंजी. संतोष लोहानी ने कहा

## सर्वसमावेशी, दूरदर्शी और श्रेष्ठ व विकसित भारत की नींव रखने वाला बजट

**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ**
शहडोल, बजट पेश होते ही राजनीतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों में अलग अलग प्रतिक्रिया देते हुए नजर आ रहे है इसी क्रम में भाजपा नेता इंजी. संतोष लोहानी का कहना है कि यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे न केवल भारत की आर्थिक स्थिरता, आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बजट में हर वर्ग, मध्यम वर्ग, किसान, युवा, महिला, उद्योग और स्टार्टअप की प्रगति को सुनिश्चित किया गया है। मध्यम वर्ग की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए आयकर सीमा को 12 लाख तक बढ़ाया गया है, जिससे लाखों करदाताओं को सीधा लाभ मिलेगा। छोटे व्यवसायों के लिए एमएसएमई कर प्रोत्साहन में वृद्धि की गई है, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था की



रीढ़, कृषि क्षेत्र, को और मजबूत करने के लिए 1.52 लाख करोड़ का आवंटन कृषि क्षेत्र को दिया गया है। महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए 3 लाख करोड़ का विशेष आवंटन किया गया है। स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार के लिए नई मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थाओं की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा है कि अगले पांच वर्षों में 20 लाख युवाओं के कौशल विकास की योजना बनाई गई है। देशभर में 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) का उन्नयन किया जाएगा, जिससे तकनीकी शिक्षा और उद्योगों की आवश्यकताओं के बीच तालमेल बनेगा। यह बजट मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप है। उक्त बातो के इतर इंजी. संतोष लोहानी ने बजट को लेकर संतोष जनक बताते हुए कहा है कि इस सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को बधाई देता हूँ। आपकी रणनीतिक सोच के तहत यह बजट भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है।

# शाजापुर में अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के नए पदाधिकारियों की घोषणा

## नेमीचंद पटेल बने शहर अध्यक्ष, राकेश महिवाल बने जिला महामंत्री



**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ**
शाजापुर, अखिल भारतीय बाल्मिक महापंचायत शाजापुर शहर अध्यक्ष बने नेमीचंद जी पटेल, एवं जिला महामंत्री राकेश महिवाल महामंत्री बने । अखिल भारतीय वाल्मिकी महा पंचायत के राष्टीय सचिव व मध्य प्रदेश प्रभारी राहुल निधाने के अनुमोदन पर तथा अनील कराड़े प्रदेश अध्यक्ष आदेश अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन जी पारछे समक्ष शाजापुर जिला अध्यक्ष जितेंद्र लुगरीया ने शहर अध्यक्ष, जिला महामंत्री मनोनित किया इनकी नियुक्ति पर प्रदेश मंत्री सतीश जी गिरजे, राजेश जी पारछे, पुर्व पार्षद अमर जी पटेल, मुकेश जी गिरजे,सन्तोष जी घारवे, आशाराम जी कल्याणे, आनन्द घारवे, अजित पटेल, सुधीर पटेल, निर्मल घारवे,हरिश जी पारछे, अरूण जी,दिनेश जी चावरे,चन्दन जी नरवाले,कमलेश जी महिवाल, नारायण जी पारछे, अनुप घारवे, मनोज घारवे, गंगा राम जी घारवे,राजेन्द्र खन्ना पारछे, जितेन्द्र टांक लोट,आलोक पारछे, मनीष पारछे,पवन नरवाले, विमल कल्याणे,संदीप भैरवे, अभय सन्नी मेरोली,सचिन नरवाले, अनील गोसर,भगत सिंह घारवे,अशोक नरवाले, प्रेमचंद ढोलपुरे,चेतन घावरी, कमल सारवान, पवन सारवान,राहुल सारवान, नितीन कलयाणे, मोंटी छजलानी,मनीष टांक, हरिश मेरोली,जेकी पटेल, छोटु पारछे,राजा जगाले,परवीन नरवाले, लोकेश भैरवे,आदी समाजजनों ने दोनों पदाधिकारियों का साफा पहनाकर व पुष्प माला से स्वागत सम्मान किया व पुरी समाज व समस्त कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई.

# ग्राम दोंगालिया में हुई यह शादी अपनी अनूठी पहल से चर्चा में

**मूंदी** खंडवा जिले मूंदी के समीप ग्राम दोंगालिया में राधेश्यामजी देवड़ा के सुपुत्र चैनसिंह(गोलू) के शुभविवाह के उपलक्ष्य में आयोजित प्रीतिभोज कार्यक्रम में समाज को एक संदेश देने का प्रयास किया गया, शादी में आए मेहमानों ने शादी-पार्टी, सामूहिक प्रीतिभोज कार्यक्रम में खाना झूठा ना छोड़ने का संकल्प लिया। खाना झूठा ना छोड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु संकल्प पत्र सेल्फी बैनर भी लगाया, प्रीतिभोज में शामिल मेहमानों ने संकल्प पत्र सेल्फी बैनर में फोटो खिंचवाए और संकल्प लिया कि आज से भोजन झूठा नहीं छोडूंगा और खाना उतना ही लूंगा जितना मैं खा सकूं। युवा समाजसेवी दिलीप सेठिया द्वारा




Do Not Waste Food अभियान चलाया जा रहा हैं ।श्रीसेठिया ने बताया कि मैंने कुछ दिनों पहले इंदौर में एक व्यक्ति को सड़क से कचरे में से खाना उठाकर खाते देखा,मैं बहुत भावुक हुआ और सोचा कि ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें ठीक से दो वक्त का खाना नहीं मिल पाता वहीं इसके विपरीत शादी-पार्टी और सामाजिक भोज कार्यक्रमों में कितना खाना झूठा छोड़ा जाता हैं, वहीं से मैंने विचार किया कि लोगों को झूठा ना छोड़ने व भोजन की बर्बादी रोकने हेतु जागरूक करने के लिए शादी-पार्टी, सामाजिक भोज कार्यक्रमों में ऐसा अभियान चलाया जाएगा।इस अभियान को लेकर जनता में बहुत उत्साह देखा गया ।

# संजय पाठक ने बजट 2025 को बताया सुनहरा बजट

## माध्यम वर्ग को बड़ी राहत

**सुनील यादव । सिटी चीफ**
कटनी, कटनी जिले के पूर्व मंत्री और विजयराघवगढ़ के विधायक संजय पाठक ने केंद्रीय बजट के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह 2025 का जो बजट पेश हुआ है यह बजट 75 वर्षों में जो बजट पेश हुआ है उनसे यह बजट सुनहरा बजट है यह बजट माध्यम वर्ग के लिए बहुत अच्छा बजाय है। भाजपा के पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक संजय पाठक ने कहा कि यह बजट माध्यम वर्ग के लिए बजट है, इस बजट ने जो इलेक्ट्रॉनिक सामानों को कीमत कम करने के साथ-साथ इनकम टैक्स में 12 लाख की छूट दी है वह माध्यम वर्गीय के लिए बहुत अच्छा बजट है, जो हम लोग सोचते है उससे भी बढ़ कर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने माध्यम वर्ग के



लिए सौगात दी है। साथ ही उस बजट में घरेलू गैस के साथ घरेलू सामग्री के साथ पेट्रोलियम चीजों में भी बहुत छूट दी है। वही काई बीमारियों जैसे कैंसर की दवाईयों में भी छूट दी है जिससे माध्यम वर्ग के लोगों के लिए राहत की बात है जिससे भारत की विकास गति के साथ साथ आर्थिक विकास की गति बढ़ेगी। वही इन कम टैक्स की फाइल करने की समय सीमा 2 साल थी उसे बढ़ाकर 4 साल कर दी गई है जो सामान्य वर्ग कें लिय छोटी लगती है। लेकिन यह बहुत महत्वपूर्व बजट है। अब अदभुद बजट है।

# क्षत्रिय राठौड़ (तेली) समाज का निः शुल्क 18 वा सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

बदनावर। क्षत्रिय राठौड़ (तेली) समाज का 18 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को स्थानीय होती मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। सम्मेलन में 5जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। पं अनिल जी शास्त्री जलोद वाले के आचार्यत्व में पाणीग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि रूप में समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज बोराणा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र राठौड़ , पुरूषोतम राठौड़ उज्जैन समाज अध्यक्ष , संजय राठौड़ नामली, जगदीश पहलवान रतलाम, राजेश राठौड़ गजनीखेड़ी, गोपाल राठौड़ , श्याम लाल राठौड़, आदि अतिथि रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में पधारे पत्रकार जानो का स्वागत प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया अतिथियों का स्वागत विवाह समिति अध्यक्ष




नारायण राठौड़ महाकाल होटल, गौरव राठौड़ ने किया कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही वर ही वधू पक्ष के लोगों का आवागमन शुरू हो गया था। दोपहर में शुभ मुहूर्त में विवाह संस्कार संपन्न होने के साथ ही सह भोज दिया गया। बाद में विदाई की रस्म हुई। समिति की ओर से वर वधु को सोने चांदी की रकम के अलावा बर्तन, पलंग, बिस्तर, आलमारी, सिलाई मशीन आदि दिए गए। सम्मेलन में धार, झाबुआ, रतलाम,अलीराजपुर, बांसवाड़ा आदि स्थानों के जोड़े शामिल हुए। अब तक यहां हुए सम्मेलन में 744 जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। सम्मेलन में कार्यालय प्रभारी मुकेश राठौड़, योगेश राठौड़,भोजनशाला व्यवस्थापक अशोक राठौड़, संदीप राठौड़, ओम राठौड़, अशोक राठौड़, प्रहलाद राठौड़, बंटी राठौड़, नवनीत राठौड़, गोपाल राठौड मंत्री, विशाल राठौड़,विनोद राठौड़, नितेश राठौड़, अजय राठौड़, लालचंद राठौड़, जल प्रदाय नर्मदा आरो व सिद्धि विनायक आरो वॉटर की तरफ से की गई। कार्यक्रम का संचालन बलराम राठौड़ ने किया। स्वागत मंच व्यवस्था पवन राठौड़ पटेल कैलाश राठौड़ तथा पार्किंग व्यवस्था कांतिलाल राठौड़ ने संभाली । आभार पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष मूलचंद राठौड़ ने माना जानकारी मीडिया प्रभारी मोहित राठौड़ द्वारा दी गई।

# चारभुजा पुष्करणा प्रीमियर लीग के दूसरे दिन राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कि शिरकत

**शंभूपुरा।** डूंगला क्षेत्र के गरावला में चारभुजा पुष्करणा प्रीमियर लीग के दूसरे दिन राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक ने शिरकत कि एवं खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने का सुझाव दिया, जिनके साथ प्रकाश शर्मा रतलाम, भाजपा मण्डल अध्यक्ष पुरणमल अहीर, उपप्रधान रणजीत सिंह सारंगदेवोत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरैन्द्र सिंह भूरकिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, राजमल सरगरा बिलोदा सरपंच, गोपाल पुष्करणा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष, डूंगला बार अध्यक्ष दुर्गेश जोशी, महेंद्र जोशी उदयपुर, पूर्व सरपंच तुलसीराम गमौर, पूर्व पंचायत समिती सदस्य गेहरी लाल



जणवा, श्रीपाल जणवा, आकाश जणवा, बद्रीलाल जणवा, मुकेश व्यास, सभी अतिथि महानुभाव प्रधारे। जिनका स्वागत अर्जुन पुष्करणा, पंकज कुमार शर्मा, श्याम लाल शर्मा, भगवतीलाल शर्मा, महेश पुष्करणा, अरुण पुष्करणा, मदन शर्मा द्वारा किया गया।

# मामूली विवाद में घर में लगा दी आग, बकरिया भी मार डाला, आरोपी गिरफ्तार

**मूंदी** मूंदी थानाक्षेत्र के माकड़कच्छ गांव में मामूली विवाद के चलते एक घर में आग लगाने और तीन बकरियों को घर से दूर ले जाकर बकरियों को मारने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार शनिवार दरम्यानी रात की है। फरियादिया की शिकायत पर मूंदी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस के मुताबिक, माकड़कच्छ निवासी फरियादिया आशाबाई पति उमाशंकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के ही रामचंद्र नायक ने मामूली बात के विवाद के बाद घर में आग लगा दी, इतना ही नहीं आरोपी ने फरियादिया की बकरी और बकरी के दो बच्चों को घर से दूर ले जाकर मार



दिया। घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी राजेंद्र नरवरिया के नेतत्व में ए एस आई मनोज सोनी अलेश बेस घटना स्थल पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपी रामचंद्र नायक के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भेरूसिंह का खेड़ा में भील समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

## खेलो से सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता विकसित होती है- विधायक आक्या

**शंभूपुरा।** खेलो से सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता विकसित होती है। खेल टीमवर्क विकास में सहायक होते है साथ ही खेलो से दो देशो के मध्य के संबंधो में प्रगाढ़ता आती है। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या रविवार को ग्राम भेरू सिंह खेड़ा में राणा पुंजा भील समाज नवयुवक मण्डल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियो, आयोजको व ग्रामीणो को सम्बोधित कर रहे थे। आयोजक मण्डल के मदनलाल भील ने बताया की राणा पुंजा भील समाज



नवयुवक मण्डल द्वारा ग्राम भेरू सिंह खेड़ा में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता भंवरसिंह खरड़ीबावड़ी, विशिष्ट अतिथि अनिल ईनाणी, पूर्व सरपंच रामेश्वरलाल धाकड़ व गोपाल भील आकोड़िया थे। पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 16 टीमे भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी। उदघाटन मेच फुसरिया व सादी के मध्य खेला गया। मेच से पूर्व विधायक आक्या ने खिलाड़ियो से परिचय लिया व बेटिंग में अपने हाथ आजमाते हुए खेलो का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मदन भील, किशन भील, देवराज भील, रतन भील, नारायण भील सहित बड़ी संख्या में भील समाज के खेलप्रेमी, ग्रामीणजन व खिलाड़ी उपस्थित थे।

# 14,000/- रुपये के फरार इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

## थाना कसरावद व थाना बलकवाडा ने संयुक्त कार्यवाही कर आरोपी को किया गिरफ्तार



**खरगोन** रविवार को थाना कसरावद पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, थाना क्षेत्र कसरावद व थाना बलकवाडा मे वर्ष 2023 से चोरी के प्रकरण मे फरार चल रहा आरोपी राम्या उर्फ़ रामेश्वर पिता भामला वास्कले उम्र 26 साल निवासी ग्राम सादडबन अपने घर आया हुआ है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाया गया जिनके निर्देशन मे थाना कसरावद, थाना बलकवाडा, चौकी खामखेड़ा एवं चौकी खलटाका के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए ग्राम सादडबन मे घेराबंदी कर दबिश दी 8 प्रकरणों मे फरार 14,000/- रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है ।

पुलिस टीम -उक्त की गई कार्यवाही मे एसडीओपी मंडलेश्वर मनोहर गवली के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक कसरावद राजेन्द्र बर्मन, चौकी प्रभारी खामखेड़ा उनि पप्पू मौर्य, सउनि बाबूलाल वास्कले, प्रआर 820 संजय, प्रआर 375 मनोज, प्रआर 659 महेश मालवीय, आरक्षक 673 महेन्द्र , महिला आरक्षक 841 सविता एवं आरक्षक 364 जितेन्द्र आरक्षक सचिन व सत्येंद्र एवं थाना बलकवाड़ा से थाना प्रभारी बलकवाड़ा निरीक्षक रितेश यादव , चौकी प्रभारी खलटाका उनि राजेन्द्र आवस्या ,सउनि जोगेन्द्र पाटीदार, सउनि अशोक नैयर ,आर 269 पंकज , आर 460 राकेश , आर 655 विकास ,आर 204 धर्मेन्द्र ,आर 482 प्रवीण एवं सायबर सेल से आर अभिलाष डोंगरे का विशेष योगदान रहा ।

# विधायक चौहान रात्री में पहुंचे जनता के पास

## घिनौदा के 100 से अधिक प्रमाण पत्र घर घर किए वितरित



**उज्जैन**

वर्तमान में नागदा खाचरोद क्षेत्र के विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने एक नहीं हाल की शुरुआत की है जिसके अंतर्गत विधायक चौहान गांव में ही रात्रि विश्राम करके और जनता से रूबरू होने का काम कर रहे इस दौरान विधायक चौहान घिनौना में रात्रि विश्राम के लिए पहुंचे इस दौरान घिनौना में घिनौना के सरपंच प्रतिनिधि और स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ विधायक चौहान ने जनता से रूबरू होने का काम किया और वही इस दौरान 100 से अधिक स्वामित्व योजना के प्रमाण पत्र विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह चौहान ने हितग्राहियों को घर-घर जाकर वितरित करने का काम भी किया रात्रि में विश्राम के बाद विधायक चौहान स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ प्रातः जिस प्रकार से मॉर्निंग वॉक पर निकलते हैं वैसे ही निकले किंतु वे इस दौरान मॉर्निंग वॉक पर गांव से बाहर नहीं बल्कि गांव में ही निकले और गांव में घरों पर और चौराहों पर ग्रामीणों से मिलकर उनके हाल-चाल जानने का काम किया विधायक की इस पहल को ग्रामीणों के द्वारा खूब सराहा भी जा रहा है क्योंकि यह पहले ही अवसर होगा जब विधायक किसी गांव में रख कर योजना के प्रमाण पत्र घर-घर वितरित करने का कार्य कर रहा है स्वामित्व योजना में बने प्रमाण पत्र इसके पूर्व दो बार शिविर के माध्यम से भी वितरित किए जा चुके थे वहीं उसके बाद विधायक चौहान ने घर-घर पहुंचकर यह प्रमाण पत्र वितरित करने का कार्य किया और शेष बच्चे प्रमाण पत्रों को स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा वितरित करने का कार्य भी किया गया !

**पानी की समस्या का निकला बड़ा हल** घिनौदा एक ऐसा गांव है जहां पानी की समस्या के लिए पूर्व के कई वर्षों से लोग परेशान रहते थे और कितनी ही योजना बनी और कितनी ही राशि खर्च हुई किंतु पूरे गांव में एक साथ पानी पहुंचाने का कार्य इसके पूर्व नहीं हो सका किंतु वर्तमान में सरपंच श्रीमतीराधा अनोखीलाल पाटीदार की तत्परता विधायक डॉ तेजबहादुरसिंह चौहान की गंभीरता और दोनों की योजना से पीएचई विभाग के सक्रियता से वर्तमान में पुरानी पानी की समस्या का हल संभव हो पाया ओर आज घर घर पानी पहुंच रहा है !

**गांव वालो ने की सराहना पहला जनप्रतिनिधि** विधायक चौहान अपने रात्री विश्राम के बाद विषय में वहां के स्थानीय ग्रामीणों से हुई चर्चा में उन्होंने बताया कि यह पहला जनप्रतिनिधि है ऐसा जो सुबह 7 बजे घिनौदा की गलियों और चौराहों पर घूमते हुए ग्रामीणों ओर जनता से मिल रहा ओर उनके हाल चाल जान रहा था इस दौरान उनके दिमाग के कोई भाजपा कांग्रेस वाला भाव नहीं था सभी से जनता ओर जनप्रतिनिधि के भाव से मिले, तो स्थानीय कार्यकर्ताओ ने बताया कि शाम को ही डॉसाहब ने हमें बोला कि आप सुबह अपना काम प्रतिदिन के अनुसार करना ओर सुबह डॉ साहब अकेले ही गांव में घरों पर, चौराहे पर ओर होटलों की ओर पहुंच कर लोगों से मिलने लग गए और जो जहा जिस स्थिति के बैठा है उसके पास उस स्थित में जाकर उनसे मिल कर बात चित करने की ग्रामीण काफी सराहना कर रहे है !

# आदिवासी समाज सेवा समिति द्वारा सम्मेलन कर की गई परिचर्चा



**झाबुआ** ग्राम भगोर के केसरिया मैदान पर आज आदिवासी समाज सेवा समिति द्वारा आदिवासी सम्मेलन कर परिचर्चा की गई जिसके मुख्य बिंदु निम्न रहे। आदिवासी संस्कृति का पुनर्जीवन , समाज में फैली कुरीतियां, बाल विवाह ,दहेज प्रथा , विवाह में डीजे ,शराब पर प्रतिबंध, फिजूल खर्ची रोकना । इन मुद्दों को लेकर ग्राम के तड़वी, सरपंच एवं ग्रामीण लोगों द्वारा बैठक कर चर्चा की गई ।जिसमें ग्राम भगोर ,केसरिया खेड़ी , मानपुरा , गुंदीपाड़ा , हीरापुर के ग्रामीण उपस्थित रहे।इसी कड़ी में ग्राम कल्याणपुरा टी आई निर्भय सिंह भूरिया एवं रावत जी द्वारा भी ग्रामीणों के बीच अपनी बात रखी और समझाया कि समाज को आगे ले जाना है तो आपको दहेज दापा कम, शराबबंदी करना होगी । आज की युवा पीढ़ी को भी इस संबंध में आगे आना होगा । बाल विवाह न करें ।नाबालिग विवाह न कर छोटी लड़कीयों का जीवन बर्बाद ना करे । पहले अपने घर को सुधारे । अनावश्यक खर्च न करें , सामाजिक बुराई दूर कर पुरानी रूढ़िवादी परंपरा को छोड़े। इस दौरान मध्य प्रदेश पुलिस के जन संवाद अभियान के तहत सेफ क्लिक के अंतर्गत साइबर फ्रॉड पर भी सभी को समझाया गया। अन्य सभी वरिष्ठ और जनपद पंचायत प्रतिनिधि पीटर वाखला द्वारा शादी में 1 लाख दहेज ,चांदी 1 किलो, तडवी 2000, खाई के 5000, गांठ के 1500 कोतवाल 700 रुपए तय किए गए ।वहीं डीजे पूर्ण बंद एवं शराबबंदी रहेगी। और मांसाहारी भोजन का बहिष्कार किया जाए ।जो लोग हमारे नियम नहीं मानेंगे उनसे नातेदारी तोड़ी जाएगी ।और शादी में सम्मिलित न होने का सभी ने समर्थन किया। इस दौरान पूर्व सरपंच कश्मीर भाबोर,मल्ला भाबर, नगजी बरिया, बदा मेड़ा, मुन्ना मेड़ा, लक्ष्मण मंत्री, लक्ष्मण मेड़ा,नवांकुर संस्था से राजेश बैरागी,रणवीर सिसोदिया आदि भी उपस्थित रहे ।

# आज से 9/11 की परीक्षा सम्मिलित 23000 विद्यार्थी - शर्मा

**उज्जैन**

जिले के 206 शासकीय हाइ स्कूल एवं हॉयर सेकंडरी में कल से वार्षिक परीक्षा होगी । कक्षा 9 में 15427 एवं कक्षा 11 में 8272 विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे हे । एडीपीसी गिरीश तिवारी ने बताया कि सभी स्कूलों को प्रश्न पत्र 29 जनवरी को दे दिए हे । जो सभी ने अपने स्कूल के निकटतस्थ थाने में जमा कर दिए हे । कल से प्रतिदिन समय सारिणी के अनुसार परीक्षा शुरू होने के 1 घंटे पहले प्रश्न पत्र केंद्राध्यक्ष निकाल कर लाएंगे और परीक्षा विद्यालय में संपन्न करवाएंगे । जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा अनुसार प्रत्येक स्कूल में गोपनीयता रखते हुए परीक्षा कराने के इंतजाम किए गए हे । जिला एवं ब्लॉक के निरीक्षण दल भी बनाए गए हे ।




# नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार करने वाला आरोपी को कसरावद पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार



**खरगोन** मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा समस्त जिलों मे 卐मुस्कान अभियान卐 चलाया जा रहा है, इस अभियान के अंतर्गत जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए नाबालिक/बालिग बालक/बालिकाओ की अधिक से अधिक दस्तयाबी की जाने हेतु पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है । प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह बारिया के मार्गदर्शन मे समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारीयों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य मे थाना कसरावद पर शनिवार को एक नाबालिक बालिका फरियादी ग्राम नवलपुरा की सूचना पर धारा 137 (2) 87.64. बीएनएस 3/4 पाक्सो एक्ट का पंजीबंध कर विवेचना में लिया गया था घटना के दिन से ही प्रकरण का आरोपी फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार पुलिस टीम गठित की गई पुलिस टीम के द्वारा प्रकरण के फरार आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया जिसमें नियम अनुसार कार्रवाई की गई युक्त करवाई में थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन उप निरीक्षक प्रियंका जमरे, उप निरीक्षक महेश यादव, कैलाश धारवे, महेश मालवीय ,संदीप चौहान, सुनिधि राजे बुंदेला, सविता चौहान, पूजा शर्मा, नितिन पाल ,अभय बघेल, का विशेष योगदान रहा

# कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 6 फरवरी को

**सागर**

कलेक्टर श्री संदीप जी आर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 6 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में प्रभारी अधिकारी राहत शाखा/राजस्व आंकिक/स्थापना शाखा/ए.एफ.सी./सी.एम. मानिट/भू अर्जन/नजारत शाखा/न्यायिक शाखा जिला सागर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, प्रभारी अधिकारी, भू-अर्जन, अधीक्षक, भू-अभिलेख, तहसीलदार/अपर तहसीलदार/नायब तहसीलदार (समस्त), ई-गवर्नेंस मैनेजर, प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधन, रीडर टू कलेक्टर/अपर कलेक्टर, कमल सोनी, संभागीय सलाहकार, आर.सी.एम.एस पोर्टल सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित रहेंगे। समीक्षा बैठक में आरसीएमएस प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा, नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन, रामंधी प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों की समीक्षा, न्यायालयवार अतिक्रमण के दर्ज, निराकरण एवं अर्थदण्ड वसूली का पत्रक, विशेष राजस्व अभियान, गिरदावरी, वसूली प्रकरण, आबादी सर्वे (स्वामित्व योजना) की समीक्षा, सीएम किसान की प्रगति की समीक्षा, शिकायत सी.एम. हेल्प लाईन./लोक सेवा गारंटी/जनसुनवाई मे प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही व निराकरण की समीक्षा, भू-अर्जन एवं भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा, रजिस्ट्री उपरांत नामान्तरण, राजस्व अधिकारी की टूर डायरी व भ्रमण दैनदिनी की जानकारी, पटवारियों की अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर किये गये कार्य की डायरी, कार्यालय कलेक्टर की विभिन्न शाखाओं के द्वारा प्रेषित किये गये पत्रों पर कार्यवाही की समीक्षा आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।








































स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0 131-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569